## कार्यालय, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, छठां तल, लखनऊ

## विज्ञप्ति

राजकीय मेडिकल कालेजों के अन्तर्गत संचालित नर्सिंग कालेजों यथा जालौन, बदॉयू, आजमगढ़, बॉदा, अम्बेडकरनगर, सहारनपुर एवं स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयो के अन्तर्गत संचालित होने वाले नर्सिंग कालेजो यथा अयोध्या, बस्ती, बहराइच, फिरोजाबाद एवं शाहजहॉपुर, कालेज आफ नर्सिंग, कानपुर एवं कन्नौज में नर्सिंग संवर्ग के शैक्षणिक पदो को संविदा के आधार पर भरे जाने हेतु आवेदन प्रपत्र On Line एवं Off Line प्राप्त किये जाने हेतु महानिदेशालय की सेवा योजन विज्ञप्ति संख्या–एम0ई0–1/2022/2902 दिनांक 15.09.2022 जारी की गयी थी, विस्तृत विवरण हेतु **http://dgme.up.gov.in/assets/admin/news/Nursing.pdf** लिंक देखें। उक्त विज्ञप्ति में विज्ञापित पदों के सापेक्ष आवेदन किये जाने हेतु अंतिम तिथि 28 अक्टूबर, 2022 सायं 05:00 बजे तक निर्धारित की गयी है।

### आवेदन करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश

**1-** ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने विज्ञप्ति दिनांक 15.09.2022 के सापेक्ष दिनांक 07 अक्टूबर, 2022 तक आवेदन किया है। उनसे कतिपय अतिरिक्त सूचनाओं की आवश्यकता है। वांछित सूचनाओं हेतु पुनः गूगल फार्म (Google Form) तैयार किया गया है। सूचना उपलब्ध कराने हेतु निम्न लिंक का उपयोग करें:–

**https://forms.gle/sTKECYzGbTLkSCaY8**

**नोट– फार्म को भरे जाने हेतु किसी भी प्रकार की शुल्क देय नहीं है। फॉर्म भरते समय पूर्व में भुगतान किये गये शुल्क का UTR/Trnsaction ID का स्पष्ट उल्लेख किया जाना है।**

**2-** ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा विज्ञप्ति दिनांक 15.09.2022 के सापेक्ष आवेदन नहीं किया गया है। वह अभ्यर्थी प्रथम प्रस्तर में उल्लिखित लिंक के माध्यम से विज्ञप्ति दिनांक 15.09. 2022 के नियम/शर्तों का भली–भांति अवलोकन कर लें। ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा प्रथमबार प्रश्नगत विज्ञप्ति के सापेक्ष आवेदन किया जा रहा है, वह आवेदन करने हेतु निम्न गूगल फार्म (Google Form) लिंक का उपयोग करें:–

**https://forms.gle/aNMGw1aT9mMqPokj8**

**नोट– नये आवेदकों का शुल्क जमा करना होग। विस्तृत सूचना एवं दिशा–निर्देश विज्ञप्ति दिनांक 15.09.2022 में उल्लिखित है, स्वयं संज्ञान लें। आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी समस्त आवश्यक अभिलेखों सहित कार्यालय को By hand अथवा डाक के माध्यम से प्रत्येक दशा में दिनांक 28 अक्टूबर, 2022 सायं 05:00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अपूर्ण एवं विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।**